# राजयोग से बनता सकारात्मक नज़रिया

परिस्थितियां तो अनेक आती हैं और आती रहेंगी। और अंत में भी बहुत सारी परिस्थितियां आयेंगी, लेकिन परिस्थिति के वक्त ज्ञान स्वरूप बनने की बात नहीं होती है इसका अभ्यास पहले से करना होता है। मान लो आपके अन्दर गुस्से की कमज़ोरी है और यदि आप बहुत जल्द गुस्से के वश हो जाते हैं, परिस्थिति आयेंगी और उस वक्त आप सोचो कि मैं ज्ञान स्वरूप हो जाऊं, मैं शांत हो जाऊं ये नहीं होगा। पहले से उसका अभ्यास छोटी-छोटी बातों में करते जाओ।

विशेष रूप से अभ्यास करना है ड्रामा की प्वाइंट बाबा ने हमें दी है और हमेशा बाबा ने बताया है कि बच्चे ड्रामा कल्याणकारी है जो होता है कल्याण के लिए ही होता है। तो छोटी-छोटी बातों में उसे अप्लाई करना(लागू करना) शुरु करो। जैसे ही हम कुछ बात देखते हैं मान लो भोजन आपके सामने बहुत अच्छा है वाह बाबा वाह! हमारे मन में ये आना चाहिए कितना सुन्दर बाबा भोजन खिला रहा है। कोई भी दृश्य देखा वाह बाबा कितना सुन्दर दृश्य है। जो इस तरह से अभ्यास करता है, अच्छी बातों में वाह-वाह निकलना स्वाभाविक है लेकिन जब ये एक संस्कार बना देंगे तो कोई भी परिस्थिति, समस्या भी आयेंगी तो भी पहला अन्दर से वो ही निकलेगा कि वाह! बहुत सुन्दर। जैसे ही बहुत सुन्दर निकला तो अन्दर फिर आयेगा अरे, तो जो गुस्सा उस वक्त आना चाहिए था, लेकिन नहीं आता। क्योंकि वाह कहने से जैसे पॉज़िटिविटी अन्दर में आयी तो ज्ञान स्वरूप हो गये ना! क्योंकि बाबा ने यह कहा है कि हर दृश्य के अन्दर कल्याण समाया हुआ है। तो फिर हमारा देखने का नज़रिया बदल जायेगा। निगेटिव दृष्टिकोण से देखने की बजाय फिर हम पॉज़िटिव दृष्टिकोण से देखना शुरु करेंगे कि वाह! तो मैंने कह दिया अब इसमें वाह! वाह! क्या चीज़ है, कैसे है ये वाह! वाह! क्या सिखाने आई है क्योंकि कोई भी परिस्थिति आती है तो वो आपको अनुभवी बनाने आती है, कुछ सिखाने आती है या कुछ देने के लिए, कोई अवसर देने के लिए आती है। कुछ न कुछ प्रदान करके जाती है। कोई सीख प्रदान करके जाती है, कोई अनुभव प्रदान



ब्र.कु. उषा,वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

करके जाती है। इसीलिए जैसे ही कोई दृश्य सामने आये और मुख से निकला वाह बाबा वाह! वाह ड्रामा वाह! जैसे ही निकला फिर इसमें आप देखना शुरु करो कि इसमें वाह क्या था? तो आपको पता चलेगा कि ये परिस्थिति आई तो ये आते ही मुझे कौन-सा अवसर प्रदान करके गई। कौन-सी रियलाइज़ेशन देकर गई, कौन-सी सीख देकर गयी। किस बात में मुझे अनुभवी बनाकर गई। तो ये जितना अनुभव आप प्राप्त करते जायेंगे उतना अनुभव का फाउंडेशन मजबूत होता जायेगा और बाबा हमेशा कहते हैं अनुभवी जो बन जाता है वो आगे कभी धोखा नहीं खाता है।

परिस्थितियां तो अंत तक आनी हैं। तो पहले से ही अपने आपको छोटी-छोटी बातों में अनुभवी बनाते जाओ। अनुभवी बनते जायेंगे तो जब बड़े से बड़ी परिस्थितियां आयेंगी तो उस समय सहजता से, उस अनुभव के माध्यम से उसे हैंडल कर सकेंगे, उसे ओवरकम(नियंत्रित करना) कर सकेंगे। उसको पार कर सकेंगे और उस समय आपको बहुत खुशी अनुभव होगी। सचमुच ये बहुत काल का अभ्यास जो बाबा कहते हैं- ये बहुत काल से अभ्यास छोटी-छोटी बातों पर मैंने किया, ये अभ्यास मुझे काम आने लगा।

मैं अपना अनुभव आपको बताना चाहती हूँ कि मैंने इस बात का अभ्यास किया कि जो होता है ड्रामा कल्याणकारी है, कल्याणकारी है, तो मैं ऐसे ही जल्दी-जल्दी फास्ट चल रही थी, अचानक ठोकर लगी और गिर गई। और गिरते ही पैर फ्रैक्चर हो गया, पैर में दर्द भी है लेकिन गिरते ही पहला संकल्प यही आया कि ज़रूर इसमें कोई कल्याण है, जो आगे पता चलेगा क्योंकि ये अभ्यास किया हुआ था। तो सचमुच जो दर्द था उस दर्द को सहने की शक्ति आ गई, उसको ओवरकम करने की शक्ति आ गई। और उसी वक्त मुझे फ्लाइट पकड़नी थी और मधुबन आना था। तो इतनी अन्दर में हिम्मत और शक्ति आ गई कि नहीं, जाना है मुझे, वो कार्यक्रम रूकना नहीं चाहिए। और सचमुच यहाँ आने के बाद महसूस किया कि कितनी सारी बातें कल्याण की इसमें समाई हुई थी। इतना समय मुझे अपने लिए मिला, इतना अध्ययन करने का मौका मिला और दिल से निकला कि वाह! अगर ये फ्रैक्चर नहीं होता तो मुझे अपने आपको ब्रेक लगाकर, इतना अध्ययन करके इतनी प्राप्ति नहीं होती। लेकिन देखो क्या कल्याण था! तो बहुत अध्ययन करने को मिला, बहुत कुछ प्राप्त करने को मिला, अनुभवी बनते गये और बातों के लिए भी।



परभणी-महा.। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद संजय जाधव, ब्र.कु. संदीप भाई, महंत जीवन दास जी महाराज, शिवसेना जिला प्रमुख विशाल कदम, ब्र.कु. अर्चना दीदी,परभणी, ब्र.कु. प्रणिता दीदी,पूर्णा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मंदसौर-म.प्र.।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के स्थानीय सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्र.कु. उषा बहन को प्रशंसा पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित करते हुए कलेक्टर गौतम सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी।



कोरबा-छ.ग.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा बी.ई.टी.आई.,साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा में आयोजित 'तनाव प्रबंधन शिविर' में ब्र.कु. विद्या बहन ने सभी का मार्गदर्शन किया। बहन रश्मि ने योग-प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस मौके पर राजेश कुमार राय,एटीओ प्राचार्य एवं चीफ माइनिंग मैनेजर ने भी अपने विचार रखे। एल.एस. कुमार ने बहनों का आभार व्यक्त किया।


ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....

कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया


संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक 200 रूपये, तीन वर्ष 600 रूपये, कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शांतिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

Website: www.omshantimedia.org

For Online Transfer

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail -omshantimedia.acct@bkivv.org **OR**
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087







तखतपुर-छ.ग.। बेलपान मेला में ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए विधायक रश्मि सिंह, कांग्रेस सचिव अध्यक्ष आशीष सिंह, सरपंच गरीबा यादव, ब्र.कु. ममता, ब्र.कु. निकिता तथा अन्य।




राजगढ़-म.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' विषय को लेकर 75 बाइकर्स द्वारा सुरक्षित भारत अभियान निकाला गया है। अभियान के जिला स्तरीय उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलित करते हुए कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, विधायक बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, महिला बाल विकास के प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम सिंह ठाकुर, कांग्रेस जिला महामंत्री राशिद जमील, भाजपा नेता मनोज हाड़ा, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मधु बहन एवं ब्र.कु. सुरेखा बहन।



डभरा-छ.ग.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत 'द्वादश ज्योतिर्लिंग झाँकी दर्शन' के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहन संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव,वरिष्ठ भाजपा नेता, भूषण लाल वर्मा,अध्यक्ष,उपभोक्ता फोरम बिलासपुर, शिव अग्रवाल, अध्यक्ष, जिला चावल उद्योग खरसिया, किशन सुल्तानिया, कोषाध्यक्ष, कन्या महाविद्यालय तथा कन्या भवन खरसिया, ब्र.कु. मंजू दीदी,संचालिका,ब्रह्माकुमारीज़ बिलासपुर टिकरापारा, ब्र.कु. राधिका बहन,सह संचालिका,ब्रह्माकुमारीज़ रायगढ़ एवं जशपुर, ब्र.कु. नीलू बहन,संचालिका,पत्थलगांव तथा बड़ी संख्या में अन्य भाई-बहनें उपस्थित रहे।



रीवा-म.प्र.। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में स्वाति श्रीवास्तव,जिला महिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला बाल आयोग की सदस्य वरिष्ठ समाज सेविका ममता नरेन्द्र सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव,विधान सभा सचिव,म.प्र., संध्या गौतम,वरिष्ठ समाज सेविका, डॉ. उषा किरण भटनागर, ब्र.कु. निर्मला दीदी तथा अन्य अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।



राजकोट-रविरत्नापार्क(गुज.)। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'सक्सेस मंत्र' सेमिनार के पश्चात् समूह चित्र में ब्र.कु. नलिनी बहन, ब्र.कु. गीता बहन, ब्र.कु. डिम्पल बहन, प्रो. केतन भाई पैठाणी तथा अन्य।